Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct ROB in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) प्रांत का ग्रामीण और पिछड़ा इलाका है । मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय मंडल अधीन गुरारू एवं परैया के बीच इंगलिशपर गुमटी, गया एफ.सी.आई गोदाम के पास एफ.सी.आई गुमटी, रफीगंज में मई गुमटी तथा फेसर पचरूखिया रोड़ में फंसर से आधे किलोमीटर पूर्व में रोड़ ओवर ब्रिज (आर ओ बी) के निर्माण की मांग सालों से की जा रही है । इन चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण से लगभग 50 गांवों के निवासी लाभान्वित होंगे ।

उक्त चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण से जहां दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा वहीं यातायात व्यवस्था निर्बाध तरीके से चल सकेगी और लोगों का समय भी बचेगा ।

मैंने पूर्व में भी रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी इन स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण का आग्रह किया था । ग्रैंड कार्ड सेक्सन (मुगलसराय-आसनसोल) के बीच सवारी एवं मालगाड़ियों के अत्यधिक प्रचालन के कारण रेलवे फाटक बहुत बार और ज्यादा देर तक बंद रहता है, जिससे यातायात बाधित (ट्रैफिक जाम) होता है, विशेषकर शादी-ब्याह, परीक्षाओं एवं विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर ।

मेरी सरकार से मांग है कि उपर्युक्त चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. का निर्माण कराया जाये, जिससे ग्रामीण जन-जीवन लाभान्वित हो सके ।